कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड,
कुल्हान, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून।
फोन नं0–0135–2608105, फैक्स नं0–0135–2608108

पत्रांक 630 /अधि0/दो–39/2013 दिनांक 21 अक्टूबर, 2013

## कार्यालयादेश

पत्र संख्या–3143/अधि0/दो–39/2012–13 दिनांक 13–06–2013 के द्वारा परिवहन आयुक्त संगठन के अन्तर्गत संभागीय संवर्ग के कनिष्ठ सहायकों की अनन्तिम ज्येष्ठता सूची प्रसारित करते हुए सम्बन्धित कनिष्ठ सहायकों से आपत्तियॉ आमंत्रित की गई थी। उक्त के क्रम में निम्न प्रकार आपत्तियॉ प्राप्त हुई हैः–

1– कु0 ज्योति बड़ोला, कनिष्ठ सहायक द्वारा वरिष्ठता का आधार योगदान की तिथि के स्थान पर चयन समिति की प्रवीणता सूची में दिये गये क्रम के आधार किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2– श्री आशीष मोहन पाण्डेय, कनिष्ठ सहायक द्वारा अपनी नियुक्ति की तिथि 11–12–2008 के स्थान पर दिनांक 27–11–2008 किये जाने का अनुरोध किया गया है। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा यह भी अनुरोध किया गया है कि चयन समिति द्वारा परिवहन विभाग को हल्द्वानी सम्भाग हेतु की गई अभ्यर्थियों के नाम की संस्तुति में प्रार्थी का श्रेष्ठता सूची क्रमांक 03 है। प्रार्थी से पहले केवल खष्टी बल्लभ जोशी, प्रथम स्थान पर एवं श्री ललित मठपाल द्वितीय स्थान पर है। साथ ही उनके द्वारा अनुरोध किया गया है कि परिवहन विभाग में सभी कनिष्ठ सहायकों की नियुक्ति गोविन्द बल्लभ पन्त विश्वविद्यालय द्वारा सीधी भर्ती हेतु करायी गई प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से हुई है, अतः उत्तरांचल सरकारी सेवक नियमावली 2002 के नियम–5 के अनुसार पारस्परिक ज्येष्ठता परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर निर्धारित की जाए।

3– श्री निश्चय जोशी, कनिष्ठ सहायक द्वारा अपनी नियुक्ति की तिथि 30–07–2008 के स्थान पर नियुक्ति आदेश के अनुसार दिनांक 25–07–2008 किये जाने का अनुरोध किया गया है।

4– श्री राजेन्द्र बेहेरा, कनिष्ठ सहायक द्वारा यह आपत्ति की गयी है कि प्रार्थी का नाम राजेन्द्र सिंह बेहरा दर्शाया गया है जबकि उनका नाम राजेन्द्र बेहेरा है। साथ ही उनके द्वारा मौलिक नियुक्ति की तिथि में संशोधन करते हुए सीधी भर्ती से नियुक्त कनिष्ठ सहायकों की परस्पर ज्येष्ठता भर्ती चयन समिति द्वारा तैयार की गयी वरीयता सूची के अनुसार करने का अनुरोध किया गया है।

5– श्री महमूद, कनिष्ठ सहायक द्वारा आपत्ति की गयी है कि अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में उन्हें क्रमांक 76 प्रदान किया गया है। उनके द्वारा अनुरोध किया गया है कि क्रमांक 75 पर अंकित श्री जनवीर सिंह रावत एवं उन्हें समान तिथि पर संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया था। उस आधार पर आयु अधिक होने के कारण वरिष्ठता सूची में उन्हें जनवीर सिंह रावत की अपेक्षा वरिष्ठता दी जानी चाहिए।

6– श्री असलम अली, प्रवीन कण्डारी, प्यारदास वर्मा, भूपेन्द्र सिंह रावत, बृज मोहन, विनय राणा एवं त्यागेन्द्र सिंह रावत द्वारा निम्न आपत्ति की गयी हैः–

(1) ज्येष्ठता क्रम सं0 51 से 63 तक मौलिक नियुक्ति की तिथि दिनांक 15–12–2008 दर्शायी गयी है। जबकि अन्य कार्मिकों की मौलिक नियुक्ति की तिथि के स्थान पर कार्यभार ग्रहण की तिथि दर्शाते हुए ज्येष्ठता प्रदान की गयी है। अतः स्पष्ट करना है कि संभागीय परिवहन अधिकारी, देहरादून संभाग के पत्रांक संख्या–2300/अधि0/समूह–ग/08 दिनांक 15–12–2008 के अनुसार प्रार्थी की मौलिक नियुक्ति की तिथि 15–12–2008 है।

(2) ज्येष्ठता क्रम जन्म तिथि के अनुसार प्रदान की गयी है। जबकि ज्येष्ठता नियमावली, 2002 के नियम–08 के तहत सीधी भर्ती से नियुक्त कर्मचारियों की ज्येष्ठता वही होगी जैसी यथा स्थिति चयन आयोग या समिति द्वारा तैयार की गयी योग्यता सूची (मैरिट लिस्ट) में दर्शायी गयी है।

(3) ज्येष्ठता सूची में वर्ष 2006 में जारी भर्ती सम्बन्धी विज्ञप्ति के आधार पर सीधी भर्ती से विभिन्न क्षेत्रीय/संभागीय कार्यालयों में नियुक्त कनिष्ठ सहायकों में से पौड़ी संभाग में नियुक्त कनिष्ठ सहायकों को मौलिक नियुक्ति के आधार पर सर्वोच्च वरीयता दी गई है। इसी प्रकार आगे हल्द्वानी, अल्मोड़ा संभाग के कनिष्ठ सहायकों को रखते हुए अन्त में देहरादून संभाग के कनिष्ठ सहायकों को स्थान मिला है, जिसमें सुधार किया जाना अपेक्षित है। चूंकि समस्त संभागों के तहत सीधी भर्ती से नियुक्त सभी कनिष्ठ सहायकों की लिखित परीक्षा दिनांक 17–12–2006 को निर्धारित चयन समिति जीबी पन्तनगर विश्वविद्यालय द्वारा सम्पूर्ण करायी गई तथा परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची भी जीबी पन्तनगर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की गई थी, अतः ज्येष्ठता सूची का निर्धारण भी उसी वरीयता सूची के आधार पर किया जाना चाहिए था।

(4) उत्तरांचल सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली 2002 के नियम–8(3) के अन्तर्गत जहॉ किसी एक चयन के परिणाम स्वरूप नियुक्तियॉ पदोन्नाति और सीधी भर्ती, दोनों प्रकार से की जाए, वहॉ पदोन्न व्यक्तियों की, सीधे भर्ती किए गए व्यक्तियों के सम्बन्ध में ज्येष्ठता जहॉ तक हो सके दोनों स्रोतों के लिए विहित कोटा के अनुसार चक्रानुक्रम (प्रथम स्थान पदोन्नत व्यक्ति का होगा) अवधारित की जाएगी।

(5) जारी की गई अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में अधिसंख्य कार्मिकों के भर्ती का स्रोत उल्लिखित नहीं किया गया है।

(6) श्री बृज मोहन द्वारा उपरोक्त के अतिरिक्त अपना नाम बृज मोहन सिंह रावत के स्थान पर श्री बृज मोहन अंकित किए जाने का भी अनुरोध किया है।

(7) मृत आश्रित कोटे के कर्मी जो वर्ष 2006 मे समूह ग की भर्ती हेतु जारी की गई विज्ञप्ति की पश्चात् परिवहन विभाग में कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्त किये गये, प्राकृतिक न्याय के सिद्वान्तों के आधार पर उनकी ज्येष्ठता सीधी भर्ती द्वारा चयन समिति के माध्यम से चयनित होकर नियुक्त किए गये कनिष्ठ सहायकों के बाद आनी चाहिए जबकि जारी की गई ज्येष्ठता सूची में कुछ को सीधी भर्ती से नियुक्त किए गए कार्मिकों से वरिष्ठ/सीधी भर्ती द्वारा चयनित पत्रों की सूची के मध्य रखा गया है। अतः उनके द्वारा संशोधन का अनुरोध किया गया है।

7— श्री सन्तोष कुमार भट्ट एवं श्री जनवीर सिंह रावत के द्वारा यह आपत्ति की गयी है कि जारी अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में अधिसंख्यक कार्मिकों के भर्ती के स्रोत का उल्लेख नही है। साथ ही उत्तरांचल सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 2002 के नियम–8(1) एवं नियम–8(2)(क) के प्राविधानानुसार राज्य स्तर पर बनायी जाने वाली ज्येष्ठता सूची का निर्धारण जी0बी0पंत विश्वविद्यालय द्वारा परिवहन विभाग को उपलब्ध करायी गयी अभ्यर्थियों के चयन परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर करने का अनुरोध किया गया है। श्री भट्ट द्वारा सीधी भर्ती एवं पदोन्नति/अन्य माध्यम से भर्ती किये गये कार्मिकों के लिए विहित कोटे के अनुसार चक्रानुक्रम अवधारित करने का भी अनुरोध किया गया हैं। श्री संतोष भट्ट द्वारा अपनी जन्मतिथि 02–07–1979 दर्ज होने का उल्लेख करते हुए 02–07–1975 किये जाने हेतु संशोधन का अनुरोध किया गया है।

8— श्री जावेद अख्तर द्वारा आपत्ति की गयी हैं कि जारी सूची में क्रमांक 62 पर उन्हें वरिष्ठता दिये जाने पर आपत्ति हैं, क्योंकि क्रम संख्या 55 तथा पर अंकित श्री शैलेन्द्र विष्ट तथा श्रीमती सरिता बहुगुणा की नियुक्ति तिथि 20–12–2008 है तथा उनकी नियुक्ति दिनांक 16–12–2008 है इस आधार उनकी नियुक्ति उपरोक्त दोनों कार्मिकों से पहले होने के कारण दोनों की अपेक्षा उन्हें वरियता दिये जाने का अनुरोध किया गया हैं।

9— श्री अमित कुमार गुप्ता एवं शैलेन्द्र विष्ट द्वारा आपत्ति की गयी हैं कि उत्तराखंण्ड सरकारी सेवक नियमावली, 2002 के बिन्दु–5 के प्रथम पैरा एवं 8–2(क) का संज्ञान लेते हुए पौडी, हल्द्वानी एवं देहरादून संभाग के सीधी भर्ती से चयनित कनिष्ठ सहायकों की लिखित परीक्षा के परिणाम की मेरिट लिस्ट को इकट्ठा (कम्पाईल) करके ज्येष्ठता सूची निर्धारित करने का अनुरोध किया गया हैं।

उपरोक्त आपत्तियों का निम्नवत् निस्तारण किया जाता हैः—

1— उत्तरांचल सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली 2002 के नियम–5 के अन्तर्गत निम्नवत् व्यवस्था दी गई हैः—

*जहॉ सेवा नियमावली के अनुसार नियुक्तियॉ केवल सीधी भर्ती द्वारा की जानी हों, वहां किसी एक चयन के परिणामस्वरूप नियुक्त किये गए व्यक्तियों की परस्पर ज्येष्ठता वही होगी जो यथास्थिति, आयोग या समिति द्वारा तेयार की गई योग्यता सूची में दिखायी गई हैः*

*प्रतिबन्ध यह है कि सीधे भर्ती किया गया कोई अभ्यर्थी अपनी ज्येष्ठता खो सकता है, यदि किसी रिक्त पद का उसे प्रस्ताव किये जाने पर, वह विधिमान्य कारणों के बिना, कार्यभार ग्रहण करने में विफल रखता है, कारणों की विधि मान्यता के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अन्तिम होगाः*

*अग्रेत्तर प्रतिबन्ध यह है कि पश्चात्वर्ती चयन के परिणामस्वरूप नियुक्त किये गए व्यक्ति पूर्ववर्ती चयन के परिणामस्वरूप नियुक्त किए गए व्यक्तियों से, कनिष्ठ रहेंगे।*

नियमावली की उपरोक्त व्यवस्था के अनुसार परिवहन विभाग में समूह 'ग' के अन्तर्गत कनिष्ठ सहायक के पद पर एक ही चयन द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त किये गये सभी कनिष्ठ सहायकों की ज्येष्ठता उनके द्वारा कुल प्राप्तांकों के आधार पर अवरोही क्रम में निर्धारित की जाएगी। अतः उपरोक्तानुसार

प्राप्त समस्त आपत्तियों का निस्तारण करते हुए ज्येष्ठता सूची में कनिष्ठ सहायकों का नाम उनके द्वारा प्राप्त अंकों के आधार के पर अर्थात प्रवीणता के आधार पर स्थापित किया जाता है।

2– श्री आशीष मोहन पाण्डेय, कनिष्ठ सहायक की नियुक्ति की तिथि 11–12–2008 के स्थान पर दिनांक 27–11–2008 करने के सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि संभागीय परिवहन अधिकारी, हल्द्वानी के कार्यालयादेश संख्या–2617/दो–4/सा0प्र0/2008 दिनांक 11–12–2008 द्वारा श्री आशीष मोहन पाण्डेय को कनिष्ठ लिपिक के पद पर नियुक्त किया गया है। अतः मौलिक नियुक्ति की तिथि नियुक्ति आदेश के दिनांक से पूर्व अवधारित किया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है, तद्नुसार आपत्ति अस्वीकार की जाती है।

3– श्री निश्चय जोशी, कनिष्ठ सहायक द्वारा अपनी नियुक्ति की तिथि 30–07–2008 के स्थान पर नियुक्ति आदेश के अनुसार दिनांक 25–07–2008 किये जाने का अनुरोध किया गया है, जो स्वीकार करते हुए मौलिक नियुक्ति का दिनांक 25–07–2008 अंकित किया जाता है।

4– श्री राजेन्द्र बेहेरा, कनिष्ठ सहायक द्वारा अपना नाम राजेन्द्र सिंह बेहरा के स्थान पर श्री राजेन्द्र बेहेरा किये जाने के अनुरोध को स्वीकार करते हुए ज्येष्ठता सूची में तद्नुसार संशोधन किया जाता है।

5– श्री असलम अली, प्रवीन कण्डारी, प्यारदास वर्मा, भूपेन्द्र सिंह रावत, बृज मोहन, विनय राणा, श्री सन्तोष कुमार भट्ट, श्री जनवीर सिंह रावत एवं त्यागेन्द्र सिंह रावत द्वारा उत्तरांचल सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली 2002 के नियम–8(3) के अन्तर्गत पदोन्नति और सीधी भर्ती, दोनों प्रकार से की गयी नियुक्तियों को उनके लिए विहित कोटा के अनुसार चक्रानुक्रम (प्रथम स्थान पदोन्नत व्यक्ति का होगा) में अवधारित करने के अनुरोध के सम्बन्ध में आपत्ति इस आधार पर अस्वीकार्य है कि ज्येष्ठता सूची में सम्मिलित सभी कनिष्ठ सहायक सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त हुए हैं, अतः चक्रानुक्रम का प्रश्न ही नहीं उठता है।

6– जारी की जा रही अन्तिम ज्येष्ठता सूची में कार्मिकों के भर्ती के स्रोत का उल्लेख कर दिया गया है।

7– श्री बृज मोहन द्वारा अपना नाम बृज मोहन सिंह रावत के स्थान पर श्री बृज मोहन अंकित किए जाने के अनुरोध को स्वीकार करते हुए ज्येष्ठता सूची में तद्नुसार संशोधन किया जाता है ।

8– मृतक आश्रित कोटे के कर्मी, मौलिक रूप से नियुक्त कर्मचारी हैं, अतः उनका नाम ज्येष्ठता सूची में उनकी मौलिक नियुक्ति के दिनांक से ही अवधारित किया जाना है। अतः इस सम्बन्ध में की गई आपत्ति स्वीकार किये जाने योग्य नहीं है।

9– श्री संतोष भट्ट द्वारा अपनी जन्मतिथि 02–07–1979 दर्ज होने का उल्लेख करते हुए 02–07–1975 किये जाने हेतु संशोधन का अनुरोध किया गया है। उक्त आपत्ति स्वीकार करते हुए तद्नुसार ज्येष्ठता सूची में संशोधन किया जाता है।

10– श्री महमूद, कनिष्ठ सहायक द्वारा आपत्ति की गयी है कि अनन्तिम ज्येष्ठता सूची में उन्हें क्रमांक 76 प्रदान किया गया है। उनके द्वारा अनुरोध किया गया है कि क्रमांक 75 पर अंकित श्री जनवीर सिंह रावत एवं उन्हें समान तिथि पर संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया था। उस आधार पर आयु अधिक होने के कारण वरिष्ठता सूची में उन्हें जनवीर सिंह रावत की अपेक्षा वरिष्ठता दी जानी चाहिए। इस सम्बन्ध में उल्लेखनीय है कि नियमानुसार वरिष्ठता सूची में

नाम प्रवीणता सूची में अंकित क्रमांक के आधार पर रखा जाना है, तद्नुसार ही श्री महमूद को ज्येष्ठता क्रम प्रदान किया गया है। अतः आपत्ति स्वीकार किये जाने योग्य नहीं है।

अतः अनन्तिम ज्येष्ठता सूची के विरूद्व प्राप्त आपत्तियों का उक्तानुसार निस्तारण करते हुए, सम्यक विचारोपरान्त परिवहन आयुक्त संगठन के संभागीय संवर्ग के कनिष्ठ सहायकों की ज्येष्ठता सूची को अंतिम किया जाता है।
संलग्न–ज्येष्ठता सूची भाग–दो।

(चन्द्रशेखर भट्ट)
अपर परिवहन आयुक्त,
उत्तराखण्ड।

**पत्रांक 630 / अधि0 / दो–39 / 2013, समदिनांकित।**

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु प्रेषित।
1– संभागीय परिवहन अधिकारी, देहरादून / हल्द्वानी / पौडी / अल्मोडा।
2– समस्त सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
3– सम्बन्धित कर्मचारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारी।
4– अधिष्ठान पत्रावली।
5– गार्ड फाइल।

(चन्द्रशेखर भट्ट)
अपर परिवहन आयुक्त,
उत्तराखण्ड।

कार्यालयादेश– 630/अधि0/दो–39/2013 दिनांक 21 अक्टूबर, 2013 का संलग्नक

संभागीय शाखा के कनिष्ठ लिपिकों की अन्तिम ज्येष्ठता सूची, भाग–2

| क0 सं0 | नाम सर्वश्री | श्रेणी | पदनाम | जन्मतिथि | पोषक पद पर नियुक्ति की तिथि | | स्थायीकरण की तिथि | अभ्युक्ति | कुल प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | तदर्थ नियुक्ति की तिथि | मौलिक रूप से नियुक्ति की तिथि | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | श्री राजीव शर्मा | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 05–07–1973 | – | 14–09–2006 | 02–04–2009 | मृतक आश्रित | – |
| 2 | श्री राजेन्द्र सिंह नेगी | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 14–06–1970 | – | 21–12–2006 | 11–04–2011 | उत्तराखण्ड आन्दोलनकारी | – |
| 3 | श्री फहीम अहमद | अ0पि0व0 | कनिष्ठ सहायक | 01–01–1975 | – | 28–12–2006 | 11–04–2011 | उत्तराखण्ड आन्दोलनकारी | – |
| 4 | श्री नरेश चन्द्र पंत | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 15–12–1976 | – | 28–12–2006 | 06–07–2010 | उत्तराखण्ड आन्दोलनकारी | – |
| 5 | श्री संजय पुण्डीर | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 23–11–1970 | – | 27–07–2007 | 29–04–2011 | उत्तराखण्ड आन्दोलनकारी | – |
| 6 | श्री संजय तिवारी | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 15–01–1975 | – | 27–07–2007 | 29–04–2011 | उत्तराखण्ड आन्दोलनकारी | – |
| 7 | श्री विनोद चमोली | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 14–09–1975 | – | 28–07–2007 | 24–05–2010 | उत्तराखण्ड आन्दोलनकारी | – |
| 8 | श्री अनिल सिंह रावत | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 06–09–1977 | – | 30–07–2007 | 24–05–2010 | उत्तराखण्ड आन्दोलनकारी | – |
| 9 | श्रीमती सुमनलता नैथानी | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 12–07–1964 | – | 27–09–2007 | 29–04–2011 | उत्तराखण्ड आन्दोलनकारी | – |
| 10 | श्री रोहित मेलकानी | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 19–09–1986 | – | 02–11–2007 | 24–05–2010 | मृतक आश्रित | – |
| 11 | श्रीमती गंगोत्री गुज्यांल | अ0ज0जा0 | कनिष्ठ सहायक | 09–07–1960 | – | 12–02–2008 | 29–04–2011 | मृतक आश्रित | – |
| 12 | श्री संतोष कुमार भट्ट | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 02–07–1975 | – | 15–12–2008 | 28–04–2011 | सीधी भर्ती | 55.48 |
| 13 | श्री खष्टी बल्लभ जोशी | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 26–11–1976 | – | 01–12–2008 | 28–04–2011 | सीधी भर्ती | 53.86 |
| 14 | श्री अजय नौडियाल | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 12–08–1980 | – | 25–07–2008 | 11–04–2011 | सीधी भर्ती | 53.16 |
| 15 | श्री ललित मठपाल | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 15–02–1979 | – | 02–12–2008 | 28–04–2011 | सीधी भर्ती | 52.72 |
| 16 | श्री आशीष मोहन पाण्डेय | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 19–11–1978 | – | 11–12–2008 | 28–04–2011 | सीधी भर्ती | 52.56 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | श्री महेन्द्र सिंह रावत | समान्य | कनिष्ठ सहायक | 01—04—1984 | — | 25—07—2008 | 11—04—2011 | सीधी भर्ती | 52.00 |
| 18 | श्री प्रदीप मंद्रवाल | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 20—08—1979 | — | 25—07—2008 | 11—04—2011 | सीधी भर्ती | 50.98 |
| 19 | कु0 ज्योति बडौला | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 24—07—1980 | — | 03—12—2008 | 28—04—2011 | सीधी भर्ती | 50.90 |
| 20 | श्री नरेन्द्र मियां | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 04—01—1984 | — | 15—12—2008 | 29—04—2011 | सीधी भर्ती | 50.68 |
| 21 | श्री राजेन्द्र बेहेरा | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 16—10—1980 | — | 17—12—2008 | 29—04—2011 | सीधी भर्ती | 50.44 |
| 22 | श्री रमेश चन्द्र तिवारी | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 12—02—1973 | — | 03—12—2008 | 28—04—2011 | सीधी भर्ती | 50.02 |
| 23 | श्री जगदीश चन्द्र भटट | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 29—06—1973 | — | 06—12—2008 | 28—04—2011 | सीधी भर्ती | 50.00 |
| 24 | श्री नवनीत जोशी | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 27—10—1985 | — | 12—12—2008 | 28—04—2011 | सीधी भर्ती | 49.38 |
| 25 | श्रीमती पूजा खुल्बे | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 24—09—1983 | — | 04—12—2008 | 28—04—2011 | सीधी भर्ती | 49.26 |
| 26 | श्री बृजमोहन | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 13—02—1981 | — | 17—12—2008 | 29—04—2011 | सीधी भर्ती | 49.10 |
| 27 | श्री हरिन्दर सिंह बाफिला | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 27—10—1975 | — | 02—12—2008 | 28—04—2011 | सीधी भर्ती | 49.02 |
| 28 | श्री निश्चय जोशी | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 01—04—1980 | — | 30—07—2008 | 06—06—2011 | सीधी भर्ती | 49.02 |
| 29 | श्री प्रवीण कण्डारी | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 08—07—1978 | — | 16—12—2008 | 29—04—2011 | सीधी भर्ती | 48.98 |
| 30 | श्री अमित कुमार गुप्ता | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 13—12—1980 | — | 15—12—2008 | 29—04—2011 | सीधी भर्ती | 48.98 |
| 31 | श्री खेम सिंह नेगी | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 01—07—1977 | — | 01—12—2008 | 28—04—2011 | सीधी भर्ती | 48.84 |
| 32 | श्री पवन भट्ट | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 14—11—1977 | — | 25—07—2008 | 11—04—2011 | सीधी भर्ती | 48.52 |
| 33 | श्री गोकुल सिंह | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 23—08—1977 | — | 03—12—2008 | 28—04—2011 | सीधी भर्ती | 48.42 |
| 34 | श्री चन्द्रशेखर पाण्डेय | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 26—09—1979 | — | 20—12—2008 | 29—04—2011 | सीधी भर्ती | 48.10 |
| 35 | श्री त्यागेन्द्र सिंह रावत | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 22—06—1975 | — | 17—12—2008 | 29—04—2011 | सीधी भर्ती | 47.62 |
| 36 | श्री शैलेन्द्र बिष्ट | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 05—09—1978 | — | 15—12—2008 | 29—04—2011 | सीधी भर्ती | 47.30 |
| 37 | श्री मनोज कुमार | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 31—12—1983 | — | 25—07—2008 | 11—04—2011 | सीधी भर्ती | 47.24 |
| 38 | श्री मनीष पुरोहित | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 02—04—1980 | — | 25—07—2008 | 11—04—2011 | सीधी भर्ती | 45.34 |
| 39 | श्रीमती सरिता बहुगुणा | अ0ज0जा0 | कनिष्ठ सहायक | 18—06—1984 | — | 15—12—2008 | 29—04—2011 | सीधी भर्ती | 44.38 |
| 40 | श्री नवीन भटट | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 31—10—1971 | — | 24—12—2009 | 31—10—2012 | सीधी भर्ती | 44.10 |
| 41 | श्री बिजेन्द्र राणा | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 28—05—1985 | — | 25—07—2008 | 11—04—2011 | सीधी भर्ती | 43.86 |
| 42 | श्री अनूप लिंगवाल | अ0पि0व0 | कनिष्ठ सहायक | 16—08—1981 | — | 25—07—2008 | 11—04—2011 | सीधी भर्ती | 43.54 |
| 43 | श्रीमती नीतू सक्सेना | अ0पि0व0 | कनिष्ठ सहायक | 05—08—1979 | — | 11—12—2008 | 28—04—2011 | सीधी भर्ती | 43.50 |
| 44 | मौ0 आसिफ | अ0पि0व0 | कनिष्ठ सहायक | 23—03—1983 | — | 02—12—2008 | 28—04—2011 | सीधी भर्ती | 43.18 |
| 45 | श्री अनिल कुमार सिंह रावत | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 07—05—1985 | — | 16—11—2009 | 16—05—2012 | सीधी भर्ती | 43.13 |
| 46 | श्री प्यारदास वर्मा | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 15—02—1973 | — | 15—12—2008 | 29—04—2011 | सीधी भर्ती | 43.06 |
| 47 | श्री गजपाल सिंह | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 01—07—1981 | — | 25—07—2008 | 11—04—2011 | सीधी भर्ती | 42.80 |
| 48 | श्रीमती मीरा रावत | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 26—06—1978 | — | 25—07—2008 | 11—04—2011 | सीधी भर्ती | 42.70 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 49 | श्री अमित कुमार कन्नौजिया | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 16–05–1984 | – | 19–12–2008 | 29–04–2011 | सीधी भर्ती | 42.38 |
| 50 | श्री सखावत हुसैन | अ0पि0व0 | कनिष्ठ सहायक | 02–03–1987 | – | 03–12–2008 | 28–04–2011 | सचिवालय, उत्तराखण्ड शासन में अवर निजी सचिव के पद हेतु कार्यमुक्त | 42.30 |
| 51 | श्री जावेद अख्तर | अ0पि0व0 | कनिष्ठ सहायक | 06–11–1984 | – | 15–12–2008 | 29–04–2011 | आयुक्त कर विभाग हेतु कार्यमुक्त | 42.22 |
| 52 | श्री राम सिंह पिंगल | अ0पि0व0 | कनिष्ठ सहायक | 07–07–1977 | – | 02–12–2008 | 28–04–2011 | सीधी भर्ती | 42.10 |
| 53 | श्री महमूद | अ0पि0व0 | कनिष्ठ सहायक | 31–05–1976 | – | 18–06–2009 | 26–11–2011 | सीधी भर्ती | 42.02 |
| 54 | श्री विनय राणा | अ0पि0व0 | कनिष्ठ सहायक | 02–07–1980 | – | 28–12–2008 | 29–04–2011 | सीधी भर्ती | 41.92 |
| 55 | श्री ललित मोहन आर्य | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 20–04–1978 | – | 05–12–2008 | 28–04–2011 | सीधी भर्ती | 41.82 |
| 56 | श्री भूपेन्द्र | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 24–02–1968 | – | 25–07–2008 | 11–04–2011 | सीधी भर्ती | 41.80 |
| 57 | श्री सूरजपाल | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 07–07–1977 | – | 15–12–2008 | 29–04–2011 | सीधी भर्ती | 41.54 |
| 58 | श्री अनिल कुमार भारती | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 19–09–1981 | – | 15–12–2008 | 29–04–2011 | सीधी भर्ती | 41.54 |
| 59 | श्री हरीश चन्द्र | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 01–06–1982 | – | 04–12–2008 | 28–04–2011 | सीधी भर्ती | 41.14 |
| 60 | श्री अमित राज | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 10–09–1984 | – | 04–12–2008 | 28–04–2011 | सीधी भर्ती | 41.04 |
| 61 | श्री वीरेन्द्र सिंह | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 10–08–1982 | – | 06–12–2008 | 28–04–2011 | सचिवालय, उत्तराखण्ड शासन में अवर निजी सचिव के पद हेतु कार्यमुक्त | 40.88 |
| 62 | श्री कमल प्रसाद गौड | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 29–04–1976 | – | 15–12–2008 | 29–04–2011 | सीधी भर्ती | 40.80 |
| 63 | श्री प्रकाश नाथ | अ0पि0व0 | कनिष्ठ सहायक | 16–07–1975 | – | 04–12–2008 | 28–04–2011 | सीधी भर्ती | 40.78 |
| 64 | श्री जनवीर सिंह रावत | अ0पि0व0 | कनिष्ठ सहायक | 25–08–1979 | – | 17–06–2009 | 25–07–2011 | सीधी भर्ती | 40.20 |
| 65 | श्री नरेन्द्र सिंह महिपाल | अ0ज0जा0 | कनिष्ठ सहायक | 05–11–1979 | – | 17–12–2008 | 28–04–2011 | सीधी भर्ती | 39.60 |
| 66 | श्री विनीत कुमार | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 20–05–1987 | – | 08–12–2008 | 29–04–2011 | सीधी भर्ती | 39.48 |
| 67 | श्री असलम अली | अ0पि0व0 | कनिष्ठ सहायक | 30–09–1980 | – | 16–12–2008 | 29–04–2011 | सीधी भर्ती | 39.36 |
| 68 | श्री विनोद कुमार | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 22–07–1985 | – | 15–12–2008 | 29–04–2011 | सीधी भर्ती | 39.30 |
| 69 | श्री भूपेन्द्र सिंह रावत | अ0पि0व0 | कनिष्ठ सहायक | 29–09–1984 | – | 15–12–2008 | 29–04–2011 | सीधी भर्ती | 39.16 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 70 | श्री नवीन कुमार | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 18—03—1977 | — | 15—12—2008 | 29—04—2011 | सीधी भर्ती | 39.10 |
| 71 | श्री चन्दन प्रकाश | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 28—05—1972 | — | 21—07—2009 | 31—10—2012 | सीधी भर्ती | 39.04 |
| 72 | श्री मनोज कुमार | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 01—07—1982 | — | 25—07—2008 | 11—04—2011 | सीधी भर्ती | 38.58 |
| 73 | श्री धनवीर दनोसी | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 05—04—1977 | — | 27—06—2009 | 16—05—2012 | सीधी भर्ती | 37.82 |
| 74 | श्री चारू चन्द्र | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 26—06—1981 | — | 04—12—2008 | 28—04—2011 | सीधी भर्ती | 37.56 |
| 75 | श्री विनोद निराला | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 01—09—1983 | — | 25—07—2008 | 11—04—2011 | सीधी भर्ती | 37.46 |
| 76 | श्री अमित लिंगवाल | अ0पि0व0 | कनिष्ठ सहायक | 06—05—1984 | | 25—07—2008 | 11—04—2011 | सीधी भर्ती | 3714 |
| 77 | श्री कपिल सिंह रावत | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 13—02—1988 | — | 19—09—2008 | 29—04—2011 | मृतक आश्रित | — |
| 78 | कु0 सपना रानी | अनु0जाति महिला | कनिष्ठ सहायक | 27—04—1982 | — | 20—12—2008 | 29—04—2011 | सीधी भर्ती | 36.82 |
| 79 | श्री प्रवीण कुमार नावरिया | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 07—03—1983 | — | 17—12—2008 | 28—04—2011 | सीधी भर्ती | 36.48 |
| 80 | मो0 अकरम | अ0पि0व0 | कनिष्ठ सहायक | 10—07—1985 | — | 06—07—2009 | 16—05—2012 | सीधी भर्ती | 34.54 |
| 81 | श्री दीपक पाण्डेय | सामान्य डीएफएफ | कनिष्ठ सहायक | 07—09—1981 | — | 18—06—2009 | 26—11—2011 | सीधी भर्ती | 34.26 |
| 82 | कु0 मनोरमा आर्या | अनु0जाति | कनिष्ठ सहायक | 07—09—1983 | — | 05—12—2008 | 28—04—2011 | सीधी भर्ती | 33.98 |
| 83 | श्री आशीष भण्डारी | अ0पि0व0 | कनिष्ठ सहायक | 26—04—1984 | — | 06—07—2009 | 16—05—2012 | सीधी भर्ती | 32.44 |
| 84 | श्री सुरेन्द्र दत्त खण्डूरी | सामान्य भू0पू0सै0 | कनिष्ठ सहायक | 04—08—1970 | — | 26—03—2010 | 15—09—2012 | सीधी भर्ती | 29.94 |
| 85 | श्री विमल सनवाल | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 10—08—1988 | — | 14—10—2010 | 02—02—2013 | मृतक आश्रित | — |
| 86 | श्री कृष्ण चन्द्र | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 28—09—1987 | — | 03—01—2011 | 02—02—2013 | मृतक आश्रित | — |
| 87 | श्री भुवनेश गुसाई | सामान्य | कनिष्ठ सहायक | 13—08—1991 | — | 13—12—2011 | — | मृतक आश्रित | — |

(चन्द्रशेखर भट्ट)
अपर परिवहन आयुक्त,
उत्तरराखण्ड।